10

पत्र संख्या-स्था-1-चल-अचल सम्पत्ति / 2022-23/ १९ // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनांक :: ०१ /04/2022

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2, वाणिज्य कर उ0प्र0 ।
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर / डिप्टी कमिश्नर /
समस्त असिस्टेन्ट कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश ।
समस्त वाणिज्य कर अधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
समस्त संयुक्त निदेशक / उप निदेशक / सांख्यिकीय अधिकारी /
एवं अपर सांख्यकीय अधिकारी, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

कृपया शासन के कार्मिक अनुभाग-1 के पत्र संख्या-9/1/1973-कार्मिक-1, दिनांक 24-10-1978 तथा पत्र संख्या-13/18/1985-कार्मिक-1, दिनांक 15-07-1985 के क्रम में मुख्यालय के पत्र संख्या 11 दिनांक 02-04-2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वाणिज्य कर विभाग के अन्तर्गत कार्यरत समस्त अधिकारियों को चल/अचल सम्पत्ति की घोषणा प्रत्येक 05 वर्ष के अन्तराल के स्थान पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर प्रस्तुत करने के निर्देश निर्गत किये गये थे साथ ही सम्बंधित अधिकारियों द्वारा अपने वार्षिक कार्य विवरण के साथ भी प्रत्येक वर्ष चल/अचल सम्पत्ति की घोषणा निर्धारित प्रारूप में प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गयी थी।

अतः उपरोक्त के संबन्ध में उपरोक्त सन्दर्भित समस्त अधिकारियों (पूर्व में मनोरंजन कर विभाग से वाणिज्य कर विभाग में आये हुए समस्त अधिकारियों सहित) को निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से संबंधित अपना चल/अचल सम्पत्ति का विवरण अपने लाग-इन आई0डी0 से विभागीय ई0आई0एम0एस0 माड्यूल में **प्रापर्टी डिटेल्स एंट्री** में जाकर सम्बन्धित वित्तीय वर्ष का चयन करते हुये अपने सम्पत्ति विवरण को अनिवार्य रूप से दिनांक 30-04-2022 तक फीड करना सुनिश्चित करेंगे।

(मिनिस्ती एस0)
कमिश्नर वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-**

1- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने एवं विवरण फीडिंग किये जाने सम्बंधी पोर्टल खोले जाने हेतु।
2- कम्पयूटर आपरेटर स्थापना राजपत्रित अनुभाग।

01/04/22

(राजेश प्रताप सिंह चन्देल)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

website पर uploading
समस्त अधिकारियों को note कराये।
01/04/2022